Roll No. (अनुक्रमांक) ..........................                Code (कूट सं.) : 820126.1(M) - $SA_2$

CLASS (कक्षा) : VIII

**SOCIAL SCIENCE**

**(सामाजिक विज्ञान)**

(Summative Assessment - II)

(संकलनात्मक मूल्यांकन - II)

Please check that this question paper contains 35 questions and 10 printed pages.

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 35 प्रश्न तथा 10 छपे हुए पृष्ठ हैं।

Time : 3 Hrs.                Maximum Marks : 80

समय : 3 घंटे                अधिकतम अंक : 80

**General Instructions :**

1. There are 35 questions in all.
2. Marks for each question are indicated against it.
3. All questions are compulsory.
4. Write the same question number as given in the question paper while answering the question in your answer book.
5. (i) Answers to muliple-choice questions (MCQs) of 1 mark should be out of (a), (b), (c) or (d) only.
   (ii) Answers to questions of 3 marks should not exceed 60 words each.
   (iii) Answers to questions of 4 marks should not exceed 100 words each.
6. Map of India should be attached inside the answer book.

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्न पत्र के कुल 35 प्रश्न हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गये हैं।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. अपनी उत्तर पुस्तिका में उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दिया गया प्रश्नांक ही लिखें।
5. (i) 1 अंक के बहु-वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर (क), (ख), (ग) अथवा (घ) में से ही होना चाहिए।
   (ii) 3 अंकों के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
   (iii) 4 अंकों के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. दिया हुआ मानचित्र अपनी उत्तर पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए।

1. Where is the largest Solar plant located in India?
   (a) Assam                (b) Karnataka
   (c) Gujarat                (d) Maharashtra                1

   भारत का सबसे बड़ा सौर संयंत्र कहाँ है?
   (क) असम                (ख) कर्नाटक
   (ग) गुजरात                (घ) महाराष्ट्र



ATP Education Class 8, Previous Year Paper 2014
Social Science                www.atpeducation.com

2. Which of the folowing is a conventional source of energy?

(a) Biogas (b) Solar energy

(c) Wind energy (d) Petroleum 1

निम्नलिखित में से ऊर्जा का परंपरागत स्रोत कौन सा है?

(क) बायोगैस (ख) सौर ऊर्जा

(ग) पवन ऊर्जा (घ) पेट्रोलियम

3. What percentage of the world population lives in Asia?

(a) 60% (b) 80%

(c) 40% (d) 22% 1

एशिया में विश्व की कितने प्रतिशत जनसंख्या रहती है?

(क) 60% (ख) 80%

(ग) 40% (घ) 22%

4. Who started 'Vivekavardhini' a magazine to promote the right of women?

(a) Jyotiba Phule (b) Periyar Ramasamy

(c) Shri Naryana Guru (d) Veeresalingam Kandukuri 1

किस समाज सुधारक ने महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए 'विवेकवर्धिनी' नामक पत्रिका प्रारम्भ की थी?

(क) ज्योतिबा फुले (ख) पेरियर रामसामी

(ग) श्री नारायण गुरु (घ) वीरसलिंगम कण्डुकुरी

5. Which one of the following empowered the British to put the Indian people in the jail without a trial?

(a) Government of India Act (b) Rowlatt Act

(c) Divide and Rule policy (d) Charter Act 1

निम्नलिखित में से किसने ब्रिटिश शासन को यह अधिकार दिया कि वे भारतीय लोगों को बिना मुकदमें के जेल में डाल सकें?

(क) भारत सरकार अधिनियम (ख) रौलट अधिनियम

(ग) 'फूट डालो और शासन करो' की नीति (घ) चार्टर अधिनियम

6. Which British Viceroy issued orders for the Partition of Bengal?

(a) Lord Curzon (b) Lord Cornwallis

(c) Lord Minto (d) Lord Dalhousie 1



ATP Education Class 8, Previous Year Paper 2014
Social Science www.atpeducation.com

किस ब्रिटिश वाइसराय ने बंगाल के विभाजन का आदेश जारी किया था?

(क) लार्ड कर्ज़न (ख) लार्ड कार्नवालिस

(ग) लार्ड मिंटो (घ) लार्ड डलहौज़ी

7. Who was the first deputy Prime Minister of Independent India?

(a) Gulzari Lal Nanda (b) Morarji Desai

(c) Sardar Ballabh Bhai Patel (d) Babu Jagjivan Ram 1

स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री कौन थे?

(क) गुलज़ारी लाल नन्दा (ख) मुरारजी देसाई

(ग) सरदार बल्लभ भाई पटेल (घ) बाबू जगजीवन राम

8. Name the chief architect of India's Foreign Policy.

(a) Mahatma Gandhi (b) Jawahar Lal Nehru

(c) Maulana Azad (d) J.B. Kriplani 1

भारत की विदेश नीति के मुख्य निर्माता कौन थे?

(क) महात्मा गांधी (ख) जवाहरलाल नेहरू

(ग) मौलाना आज़ाद (घ) जे.बी. क्रिपलानी

9. Who elects the Vice-President of India?

(a) Members of Lok Sabha

(b) Members of Rajya Sabha

(c) Only the elected members of the Parliament

(d) All members of both the Houses of the Parliament. 1

भारत के उपराष्ट्रपति को कौन चुनता है?

(क) लोकसभा के सदस्य (ख) राज्य सभा के सदस्य

(ग) केवल संसद के निर्वाचित सदस्य (घ) संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य

10. Who occupies the most important position in a Parliamentary form of government?

(a) President of India (b) Prime Minister

(c) Union Council of Ministers (d) Speaker of Lok Sabha 1

संसदीय शासन प्रणाली में सबसे महत्वपूर्ण पद किस का होता है?

(क) भारत के राष्ट्रपति का (ख) प्रधानमंत्री का

(ग) केंद्रीय मंत्री परिषद का (घ) लोक सभा अध्यक्ष का

11. Name the President of India who was re-elected for a second term.

(a) Dr. S. Radha Krishnan (b) Fakhruddin Ali Ahmed

(c) Dr. Rajindra Prasad (d) Neelam Sanjeeva Reddy 1



ATP Education Class 8, Previous Year Paper 2014
Social Science www.atpeducation.com

भारत का कौन से राष्ट्रपति लगातार दो बार इस पद के लिए चुने गए थे?

(क) डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन (ख) फक्रूदीन अली अहमद

(ग) डा. राजेन्द्र प्रसाद (घ) नीलम संजीवा रैडी

12. Which of the following is a civil case?

(a) Dispute over Property (b) Tax Evasion

(c) Cheating (d) Kidnapping 1

निम्नलिखित में से कौन सा मामला दीवानी मुकदमे का है?

(क) सम्पत्ति का विवाद (ख) कर की चोरी

(ग) धोखा-धड़ी (घ) अपहरण

13. How many members can the President of India nominate to the Lok Sabha in case the Anglo-Indian community is not adequately represented?

(a) 4 (b) 2

(c) 1 (d) 5 1

भारत का राष्ट्रपति लोकसभा में एंग्लो-इंडियन समुदाय के उचित प्रतिनिधित्व न होने की दशा में कितने प्रतिनिधियों को मनोनीत कर सकता है?

(क) 4 (ख) 2

(ग) 1 (घ) 5

14. Which is the largest single minority community in India?

(a) The Sikhs (b) The Parsis

(c) The Muslims (d) The Jains 1

भारत में सबसे बड़ा एकल अल्पसंख्यक समुदाय कौन सा है?

(क) सिख (ख) पारसी

(ग) मुसलमान (घ) जैन

15. Name two major types of coal. How is coal formed in nature where is it widely used? 1+1+1=3

कोयले के दो प्रमुख प्रकारों के नाम लिखिए। प्रकृति में कोयला कैसे बनता है? यह सबसे अधिक कहाँ प्रयोग किया जाता है?

16. What type of soil and temperature is required for growing Jute? Name two jute producing countries in the world.What problem is being faced by the Jute industry all over the world? 1+1+1=3

जूट (पटसन) की खेती के लिए किस प्रकार की मृदा तथा तापमान की आवश्यकता होती है? विश्व के दो जूट उत्पादक देशों के नाम लिखिए। विश्व में सभी जूट उद्योगों को किस प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है?



ATP Education Class 8, Previous Year Paper 2014
Social Science www.atpeducation.com

17. Explain any three differences between the agricultural practices of the developed and the developing countries. 1½+1½=3

विकसित और विकासशील देशों की कृषि पद्धतियों के बीच कोई तीन अंतर स्पष्ट कीजिए।

18. Why are manufacturing industries important for the growth of a Nation? Explain any three reasons. 3×1=3

विनिर्माण उद्योग राष्ट्र के विकास के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए।

19. What is an 'Industrial region'? Which industry is known as the basic industry in the world and why? 1+1+1=3

'औद्योगिक क्षेत्र' किसे कहते हैं? विश्व में किस उद्योग को आधारभूत उद्योग के नाम से जाना जाता है और क्यों?

**OR (अथवा)**

Classify the type of industry on the basis of ownership. Explain any one type of industry with example. 2+1=3

स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को वर्गीकृत कीजिए। किसी एक प्रकार के उद्योग की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

20. Mention any three proposals of 'Wood's Despatch' of 1854. 3×1=3

वुड्स डिस्पैच 1854 के नीतिपत्र की किन्हीं तीन नीतियों का उल्लेख कीजिए।

21. Why did Gandhiji launch the 'Quit India movement'? Explain any three reasons. 3×1=3

गांधी जी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरूआत क्यों की? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए।

**OR (अथवा)**

Briefly describe the events of the Jallianwala Bagh Massacre. 3

जलियाँवाला बाग हत्याकांड के घटनाक्रम का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

22. What was the role of revolutionaries in India's struggle for freedom? Explain. 3

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए?

23. Highlight any three major achievements of India's economic progress. 3×1=3

भारत की आर्थिक प्रगति की किन्हीं तीन प्रमुख उपलब्धियों को उजागर कीजिए।



ATP Education Class 8, Previous Year Paper 2014
Social Science www.atpeducation.com

24. Identify any three probelms that were faced by the newly formed Independent India and explain them. **3×1=3**

नवगठित स्वतंत्र भारत के समक्ष आई किन्हीं तीन समस्याओं की पहचान कीजिए तथा उनकी व्याख्या कीजिए।

25. What is meant by the Appellate Jurisdiction of the Supreme court of India? Explain. **3**

भारत के उच्चतम न्यायलय के अपील सम्बंधी क्षेत्राधिकार से क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए।

26. Explain the concept of Public Interest litigation (PIL). Give an example to prove that it is people friendly. **2+1=3**

जनहित याचिका से क्या अभिप्राय है? किसी एक उदाहरण से प्रमाणित कीजिए की यह जनहितकारी है।

27. Mention any three objectives of the Directive Princples of Stae Policy. **3×1=3**

राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के किन्हीं तीन उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**OR (अथवा)**

How has the mid-day meal scheme and Rural development programme helped to uplift the under priviledged? **1½+1½=3**

मध्याह्न भोजन योजना व ग्रामीण विकास कार्यक्रम ने अभावग्रस्त वर्गों का कल्याण करने में किस प्रकार से सहायता की है?

28. What is meant by 'Prevention of Atrocities Act, 1989. Enlist any four offences punishable under this act. **1+2=3**

अत्याचार उन्मूलन अधिनियम 1989 क्या है? इसके अंतर्गत आने वाले चार दण्डनीय अपराधों को सूचीबद्ध कीजिए।

29. What is meant by marginalization? Why do some Dalit Communities still remain backward? Explain any two reasons. **1+2=3**

हाशियाकरण से क्या अभिप्राय है? कुछ दलित वर्ग अभी भी पिछड़े हुए क्यो हैं? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए।

30. Who are called the scheduled castes and scheduled tribes? Mention two ways in which the reservation policy has benefitted them. **1+2=3**

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति किन्हें कहते हैं? इन जातियों को आरक्षण नीति द्वारा मिले किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।



ATP Education Class 8, Previous Year Paper 2014
Social Science www.atpeducation.com

. Mention any two attributes that make the composition of human resources and explain any one of them. 1+3=4

मानव संसाधनों की रचना करने वाली किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए इनमें से किसी एक की व्याख्या कीजिए।

**OR (अथवा)**

Define density of population. Explain any two physical factors that affect the distribution of population. 1+3=4

जनसंख्या घनत्व की परिभाषा दीजिए। जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो भौगोलिक कारकों की व्याख्या कीजिए।

32. Highlight any four major contributions of Swami Dayanand Saraswati as social reformers. 4×1=4

एक समाज सुधारक के रूप में, स्वामी दयानन्द के योगदान के किन्हीं चार प्रमुख बिंदुओं को उजागर कीजिए।

**OR (अथवा)**

How did the urbanization of Calcutta take place during the British period. Explain. 4

अंग्रेजों के शासन काल में कलकत्ता का शहरीकरण किस प्रकार हुआ? व्याख्या कीजिए।

33. Explain the three situations when the President of India can use his/her emergency powers. On whose advice can the President of India declare a state of emergency? 3+1=4

भारत का राष्ट्रपति अपनी आपातकालीन शक्तियों का उपयोग किन तीन परिस्थितियों में कर सकता है? व्याख्या कीजिए। राष्ट्रपति किसके परामर्श से अपाताकाल की घोषणा कर सकता है?

**OR (अथवा)**

Explain any four main functions of the Union Council of Ministers. 4×1=4

संघीय मंत्री परिषद के किन्हीं चार मुख्य कार्यों का व्याख्या कीजिए।

34. (a) Identify the following features shown on the given outline map of the world as A, B, C, D with the help of the information given below :
Write their correct names in your answer sheet
(A) An important industrial region of North America.
(B) An important industrial centre in Africa.



ATP Education Class 8, Previous Year Paper 2014
Social Science www.atpeducation.com

(C) A country famous for Iron and steel industry.

(D) A country famous for Cotton textile industry. 4×½=


(a) दिए गए संसार के रेखा मानचित्र में A, B, C तथा D द्वारा दर्शाए गए लक्षणों को नीचे दी गई सूचना के आधार पर पहचान कर उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

(A) उत्तरी अमरीका का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र

(B) अफ्रीका का एक औद्योगिक केन्द्र

(C) लोह-इस्पात उद्योग के लिए प्रसिद्ध एक देश

(D) सूती वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध एक देश




(b) Locate and label the following on the given political outline map of India.

(i) A state having the highest density of population.

(ii) A state having the lowest sex ratio.

(b) दिये गये भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए और उनके नाम भी लिखिए।

(i) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(ii) न्यूनतम लिंग-अनुपात वाला राज्य



ATP Education Class 8, Previous Year Paper 2014
Social Science www.atpeducation.com

**Alternative question for visually impaired candidates in lieu of Q. No. 34 (a) and (b) :**

(A) Name an important industrial region of North America.

(B) Name an important industrial centre in Africa.

(C) Name an iron and steel industry in South America.

(D) Name a cotton textile manufaturing industry in Africa.

**प्रश्न क्रमांक 34 के स्थान पर दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न :**

(A) उत्तरी अमरीका के एक महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रदेश का नाम लिखिए।

(B) अफ्रीका के एक औद्योगिक केन्द्र का नाम लिखिए।

(C) दक्षिण अमेरिका का लोहा इस्पात निर्माता देश का नाम लिखिए।

(D) अफ्रीका के सूती वस्त्र निर्माता देश का नाम लिखिए।

35. On the given map for Q. No. 34 (b) locate and label the following :

(a) An important session of the Congress was held here in 1885.

(b) The place where there was indigo uprising.

प्रश्न संख्या 34 (b) के लिए दिए गए मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(a) वह स्थान जहां 1885 में कांग्रेस का महत्वपूर्ण अधिवेशन हुआ था।

(b) वह स्थान जहां नील की खेती के विरुद्ध विद्रोह हुआ था।

**Alternative question for visually impaired students in lieu Q. No. 35**

(a) Name the place where session of the congress was held in 1885.

(b) Name the place where Gandhiji broke the salt law.

**प्र.सं. 35 के स्थान पर दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न :**

(a) वह स्थान जहां 1885 में कांग्रेस का अधिवेशन आयोजित किया गया था।

(b) वह स्थान जहां गांधी जी ने नमक कानून को तोड़ा था।



ATP Education Class 8, Previous Year Paper 2014
Social Science www.atpeducation.com